# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

## जुलाई, 2007 सत्र

### सोमवार, दिनांक 9 जुलाई, 2007

## तारांकित प्रश्नोत्तर

ग्राम सुराज अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण

1. (*क्र. 36) **श्री नन्दकुमार पटेल :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) अप्रैल, 2007 में ग्राम सुराज अभियान के तहत रायगढ़ जिले के विभिन्न जनपद पंचायत क्षेत्रों में कुल कितने शिकायत एवं मांग पत्र प्राप्त हुए ? जनपदवार जानकारी देवें ? (ख) प्राप्त शिकायत आवेदनों में से कितने का समाधान किया जा चुका है ? (ग) कितने प्रकरण लंबित हैं ? निराकरण कब तक कर दिया जायेगा?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) कुल 973 (नौ सौ तिहत्तर) शिकायतें एवं 18466 (अठारह हजार चार सौ छैंसठ) मांग पत्र प्राप्त हुए हैं. जनपदवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर दर्शित है. (ख) प्राप्त कुल 973 (नौ सौ तिहत्तर) शिकायतों में से 492 (चार सौ बियानबे) का समाधान किया जा चुका है. (ग) कुल 3517 (तीन हजार पांच सौ सत्रह) प्रकरण लंबित हैं जिनमें 481 (चार सौ इक्यासी) शिकायत एवं 3036 (तीन हजार छत्तीस) मांग संबंधी प्रकरण शामिल हैं. लंबित प्रकरणों का यथासंभव शीघ्र निराकरण किया जायेगा.

नर्सिंग ट्रेनिंग स्कूलों/कॉलेजों के संचालन हेतु निर्धारित मापदण्ड

2. (*क्र. 199) **श्री महेन्द्र कर्मा :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राज्य में कितने निजी एवं शासकीय नर्सेस ट्रेनिंग स्कूल/कॉलेज कार्यरत हैं ? (ख) निजी नर्सेस ट्रेनिंग स्कूल/कॉलेजों के संचालन हेतु क्या मापदण्ड हैं ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) 04 निजी एवं 04 शासकीय नर्सिंग ट्रेनिंग स्कूल तथा 10 निजी एवं 01 शासकीय नर्सिंग कॉलेज. (ख) पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट अनुसार.

राज्य शासन द्वारा हेलीकाप्टर खरीदी हेतु आमंत्रित निविदा

3. (*क्र. 87) **श्री भूपेश बघेल :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दिनांक 1 अप्रैल, 2006 के बाद राज्य शासन ने कितने हेलीकाप्टर खरीदने का निर्णय लिया है ? (ख) हेलीकाप्टर खरीदने के लिए क्या कोई प्रक्रिया अपनाई गई तथा ग्लोबल टेंडर कब किया गया ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) एक. (ख) हेलीकाप्टर खरीदने हेतु अपर मुख्य सचिव, विमानन विभाग की अध्यक्षता में गठित समिति की अनुशंसा के आधार पर शासन द्वारा हेलीकाप्टर क्रय करने का निर्णय लिया गया है. इस हेतु ग्लोबल टेंडर दिनांक 30-05-07 को किया गया है.

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चयन में अनियमितता पर कार्यवाही

4. (*क्र. 171) **डॉ. शक्राजीत नायक :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या तारांकित प्रश्न संख्या 04 (क्र. 295) दिनांक 22 फरवरी, 2007 को अपर कलेक्टर, रायगढ़ के जांच में 24 पदों पर चयन त्रुटिपूर्ण पाये जाने तथा

---

† परिशिष्ट ''एक''

कलेक्टर से जांच प्रतिवेदन आने के बाद नियमानुसार कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया था ? (ख) अगर हां, तो जांच प्रतिवेदन कब प्राप्त हुआ ? कौन-कौन सी अनियमितता पायी गयी ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) जी हां. (ख) जांच प्रतिवेदन दिनांक 28-6-2007 को प्राप्त हुआ. पायी गई अनियमितताओं के संबंध में प्रकरण अपर कलेक्टर के न्यायालय में विचाराधीन है. अनियमितताओं का विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''अ'' पर है.

स्वास्थ्य केन्द्रों का उन्नयन

5. (*क्र. 142) **डॉ. बालमुकुन्द देवांगन** : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन करने का क्या मापदण्ड है ? (ख) खेरथा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कितने प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है ? (ग) खेरथा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कितने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का वर्ष 2006-07 में खण्ड स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन किया गया है ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हेतु आदिवासी क्षेत्रांतर्गत 20 हजार एवं सामान्य क्षेत्रांतर्गत 30 हजार जनसंख्या का मापदण्ड निर्धारित है. इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए प्रति विकासखण्ड में एक का, आदिवासी क्षेत्रांतर्गत 80,000 एवं सामान्य क्षेत्रांतर्गत 1,20,000 जनसंख्या में होने का मापदण्ड शासन द्वारा निर्धारित किया गया है. (ख) खेरथा विधान सभा अंतर्गत 1 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं 8 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैं. (ग) निरंक.

लौह अयस्क खनन हेतु प्रस्तुत आवेदनों की स्थिति

6. (*क्र. 169) **मोहम्मद अकबर** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दिनांक 1 जनवरी, 2004 से 30 मई, 2007 तक राज्य में किन-किन लोगों के पक्ष में, कहां-कहां के कितने क्षेत्रफल के लौह अयस्क खनन के लिए पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति/खनिज पट्टा के लिए बिना उद्योग लगाए प्रस्तुत आवेदनों को स्वीकृत कर भारत सरकार को अनुशंसा के साथ स्वीकृति हेतु प्रेषित किया गया है ? इन प्रकरणों की अद्यतन स्थिति क्या है ? (ख) स्टार लाईट (बाल्को) द्वारा कबीरधाम जिले की बाक्साइट का उपयोग किन-किन कार्यों के लिए, कहां-कहां किया जा रहा है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट पर दर्शित है. (ख) जिला कबीरधाम में स्टारलाइट (बाल्को) के पक्ष में खनिज बाक्साईट के स्वीकृत खनिपट्टा क्षेत्र से उत्खनित बाक्साईट उड़ीसा राज्य में लांजीगढ़ स्थित मेसर्स वेदान्ता एल्यूमिना लिमिटेड संयंत्र में एल्यूमिना परिष्करण हेतु भेजा रहा रहा है, जहां से उसे पुन: बाल्को के कोरबा स्थित संयंत्र में एल्यूमिनियम बनाने हेतु लाया जाएगा.

हसौद, जिला जांजगीर चांपा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वीकृति एवं पदों की पूर्ति

7. (*क्र. 183) **श्री निर्मल सिन्हा** : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) हसौद जिला जांजगीर चांपा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वीकृति कब हुई थी ? (ख) क्या उक्त स्वास्थ्य केंद्र का स्वयं का भवन है ? यदि नहीं, तो कब तक बनाया जाएगा? (ग) उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों के कितने पद स्वीकृत हैं ? कितने रिक्त हैं ? रिक्त पदों की पूर्ति कब तक की जाएगी ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) 29 दिसम्बर, 2005. (ख) जी हां. प्रश्न उपस्थित नहीं होता. (ग) 2 चिकित्सक के पद स्वीकृत हैं. 2 पद रिक्त हैं. यथासंभव शीघ्र.

उद्योगों में बिजली चोरी के प्रकरणों पर कार्यवाही

8. (*क्र. 98) **डॉ. हरिदास भारद्वाज** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में 1 जनवरी, 2006 से 31 मई 2007 तक विद्युत मंडल द्वारा कितने औद्योगिक संस्थानों में विद्युत चोरी के मामले पकड़े गये ? उद्योगों के नाम तथा चोरी की अनुमानित

राशि सहित बतायें ? (ख) प्रश्नांश ''क'' में वर्णित प्रकरणों में से किस-किस उद्योग पर क्या कार्यवाही की गई ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह ) : (क) प्रदेश में 01 जनवरी, 2006 से 31 मई, 2007 तक विद्युत मण्डल द्वारा कुल 107 औद्योगिक संस्थानों में विद्युत चोरी के मामले पकड़े गये. उद्योगों के नाम एवं विद्युत चोरी के विरुद्ध बिल की गई राशि की उद्योगवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-I में दर्शाई गई है. (ख) उक्त उद्योगों के विरुद्ध की गई कार्यवाही की उद्योगवार जानकारी भी प्रश्नांश ''क'' के उत्तर के परिशिष्ट-I में दर्शाई गई है.

राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजनान्तर्गत लाभांवित ग्राम

9. (*क्र. 202) **श्री मोतीलाल देवांगन :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण हेतु वर्ष 2006-07 में जांजगीर-चांपा जिला के लिए एन.टी.पी.सी. को राशि उपलब्ध कराई गई थी ? यदि हां, तो जिले के विकासखण्डवार लाभांवित ग्रामों की संख्या नाम सहित बताएं ? (ख) इस योजना में जिले के कितने ग्रामों को सम्मिलित किया गया है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह ) : (क) जी हां. राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत, 31 मई 2007 तक जांजगीर-चांपा जिले के 22 ग्रामों में विद्युतीकरण के कार्य किये गये हैं. इन ग्रामों के विकासखण्डवार नाम † संलग्न परिशिष्ट में दर्शाए गए हैं. (ख) उक्त योजना में जिले के सभी 889 आबाद ग्रामों को सम्मिलित किया गया है.

डॉ. भीमराव अम्बेडकर अस्पताल परिसर, रायपुर में संचालित ब्लड बैंक

10. (*क्र. 151) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या डॉ. भीमराव अम्बेडकर अस्पताल परिसर, रायपुर में मॉडल ब्लड बैंक संचालित किये गये हैं ? यदि हां, तो किन-किन की ओर से ? (ख) ब्लड बैंकों से गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाले परिवारों को ब्लड किस-किस दर पर दिया जाता है ? (ग) 1 जनवरी, 2007 से 18 मई, 2007 तक कितने-कितने रक्तदाताओं ने रक्त दान किया, और कुल कितना-कितना ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल ) : (क) हां, डॉ. भीमराव अम्बेडकर अस्पताल परिसर, रायपुर में मॉडल ब्लड बैंक शासन द्वारा संचालित किये गये हैं. (ख) ब्लड बैंकों से गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाले परिवारों को नि:शुल्क ब्लड की व्यवस्था की जाती है. (ग) 1 जनवरी-2007 से 18 मई-2007 तक की अवधि में रक्तदाताओं ने निम्नानुसार रक्तदान किया है :—

| माह | रिश्तेदारों द्वारा दिया गया रक्त यूनिट की मात्रा | स्वैच्छिक रक्तदाताओं के द्वारा दिया गया रक्त यूनिट की मात्रा | कुल रक्तदाता |
|---|---|---|---|
| जनवरी-2007 | 688 | 20 | 708 |
| फरवरी-2007 | 631 | 62 | 693 |
| मार्च-2007 | 584 | 111 | 695 |
| अप्रैल-2007 | 440 | 295 | 735 |
| 01 मई-07 से 18 मई-2007 तक | 209 | 17 | 226 |

† परिशिष्ट ''दो''

नगरीय निकायों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पदों पर पदस्थापना

11. ( *क्र. 147) **श्री प्रीतमसिंह दीवान :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में कितने नगर पालिका निगम एवं नगर पालिका परिषद् है ? क्या सभी पालिका/निगम में मुख्य नगरपालिका अधिकारी के पद स्वीकृत है ? (ख) कंडिका ''क'' के अनुसार क्या स्वीकृत पदों के विरुद्ध नियमित मुख्य नगर पालिका अधिकारी पदस्थ है ? यदि नहीं, तो रिक्त पदों की जानकारी दें ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : (क) प्रदेश में 10 नगर निगम एवं 28 नगर पालिका परिषदें हैं. सभी नगर निगमों में आयुक्त के पद स्वीकृत हैं. समस्त नगर पालिका परिषदों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पद स्वीकृत हैं. (ख) जी नहीं. 14 नगर पालिका परिषदों में प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी पदस्थ है.

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन हेतु प्राप्त राशि

12. ( *क्र. 206) **श्री उदय मुदलियार :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत प्रदेश को कुल कितनी राशि प्राप्त हुई तथा प्राप्त राशि किन-किन जिलों में कितनी-कितनी आवंटित की गई ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत प्रदेश को कुल 9577.43 लाख रुपये प्राप्त हुए. जानकारी † संलग्न परिशिष्ट अनुसार.

विद्युत मण्डल में नियुक्त सलाहकारों पर व्यय राशि

13. ( *क्र. 47) **श्री नोवेल कुमार वर्मा :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छ. ग. विद्युत मण्डल कितने विद्युत सलाहकारों की नियुक्ति की गई हैं ? सलाहकार का नाम, पदनाम, निवास स्थान, वेतन एवं अन्य भत्ता कितना-कितना है ? (ख) कंडिका (क) के सलाहकारों पर 19 जून, 2007 तक विभाग/मण्डल द्वारा वेतन, अन्य भत्ते एवं हवाई यात्रा भत्ता सहित कुल कितनी राशि खर्च की गयी है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह ) : (क) छ. ग. विद्युत मण्डल में मण्डल के गठन से अब तक 29 वैतनिक सलाहकारों की नियुक्ति की गई है, जिसमें वर्तमान में 11 कार्यरत हैं. सभी सलाहकारों का नाम, पदनाम, निवास स्थान, वेतन एवं अन्य भत्ते का विवरण †† संलग्न प्रपत्र ''अ'' में दर्शित है. (ख) कंडिका (क) के अंतर्गत इन 29 वैतनिक सलाहकारों पर 19 जून, 2007 तक मण्डल द्वारा वेतन, अन्य भत्ते (हवाई यात्रा भत्ता सहित) कुल राशि रुपये 78,57,432.00 मात्र खर्च की गयी है, जिसका विवरण †† संलग्न प्रपत्र ''ब'' में दर्शित है.

मुंगेली विधान सभा क्षेत्र में किसान समृद्धि योजनांतर्गत लंबित पम्प कनेक्शन

14. ( *क्र. 02) **श्री चन्द्रभान बारमते :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) मुंगेली विधान सभा क्षेत्र में किसान समृद्धि योजनांतर्गत कितने पम्प कनेक्शन लंबित है ? (ख) लंबित प्रकरणों का निराकरण कब तक कर लिया जावेगा ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह ) : (क) मुंगेली विधान सभा क्षेत्र में किसान समृद्धि योजना के अंतर्गत, दिनांक 15-6-2007 की स्थिति में पम्प कनेक्शनों के कुल 44 औपचारिकतापूर्ण आवेदन लंबित हैं. (ख) उक्त लंबित पम्प कनेक्शनों के कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करने के प्रयास किये जा रहे हैं.

कसडोल एवं बिलाईगढ़ विकासखण्ड के टोले/मुहल्लों का विद्युतीकरण

15. ( *क्र. 135) **श्री राजकमल सिंघानिया :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधान सभा क्षेत्र कसडोल के अंतर्गत कसडोल व बिलाईगढ़ विकासखण्ड के कितने और कौन-कौन से टोले/मोहल्लों का विद्युतीकरण किया जाना शेष है ? (ख) वित्तीय वर्ष 2006-07 में कितने और किन-किन टोले/मोहल्लों का विद्युतीकरण किया गया है ? (ग) वित्तीय वर्ष 2007-08 के लिए कितने टोले-मोहल्लों का विद्युतीकरण किया जाना प्रस्तावित है ? विकासखण्डवार/ग्रामवार जानकारी देवें.

---

† परिशिष्ट ''तीन''                    †† परिशिष्ट ''चार''

**मुख्यमंत्री** (डॉ रमन सिंह ) : (क) उपलब्ध जनगणना विवरण, जिसमें ग्रामों के मजरों/टोलों/मोहल्लों का उल्लेख है, के अनुसार 31 मई 2007 की स्थिति में कसडोल विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कसडोल विकासखण्ड के 18 एवं बिलाईगढ़ विकासखण्ड के 15 मजरों/टोलों/मोहल्लों का विद्युतीकरण किया जाना शेष है, जिनके नाम † संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शाये गये हैं. (ख) वर्ष 2006-07 में कसडोल विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कसडोल विकासखण्ड के 11 एवं बिलाईगढ़ विकासखण्ड के 02 मजरों/टोलों/मोहल्लों का विद्युतीकरण किया गया है, जिनके नाम † संलग्न प्रपत्र "ब" में दर्शाए गए हैं. (ग) वर्ष 2007-08 में विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कसडोल विकासखण्ड के 09 एवं बिलाईगढ़ विकासखण्ड के 03 मजरों/टोलों/मुहल्लों का विद्युतीकरण किया जाना प्रस्तावित है. विकासखण्डवार एवं ग्रामवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "स" में दर्शाई गई है.

स्वास्थ्य विभाग द्वारा एन. जी. ओ. को प्रदत्त राशि

16. (*क्र. 214) **श्री ताम्रध्वज साहू :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में किन-किन एन. जी. ओ. को किस-किस कार्य के लिये कितनी-कितनी राशि प्रदान की गई है ? क्या यह कार्य पूर्ण हो गये हैं ? यदि हां तो कब ? यदि नहीं, तो क्यों ? (ख) एन. जी. ओ. को प्रदाय की जाने वाली राशि में से कितनी राशि केन्द्र सरकार की तथा कितनी प्रदेश शासन की है ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल ) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट अनुसार. जी हां. वित्तीय वर्ष समाप्ति उपरांत. प्रश्न उपस्थित नहीं होता. (ख) केन्द्र सरकार से राशि 2,31,89,176 एवं राज्य सरकार 3,20,000 राशि.

विद्युत उत्पादन संयंत्र स्थापित करने हेतु संपादित एम. ओ. यू.

17. (*क्र. 74) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दिनांक 1-1-04 से 30-6-07 तक की अवधि में प्रदेश में विद्युत उत्पादन संयंत्र लगाने हेतु शासन द्वारा किस-किस संस्था से, कितने-कितने मेगावाट के संयंत्र लगाने हेतु एम.ओ.यू. किया गया है ? (ख) उल्लेखित अवधि में दुर्ग जिले में नलकूप में विद्युत कनेक्शन हेतु कितने आवेदन प्राप्त हुए ? कितने में विद्युत कनेक्शन प्रदाय किए गए हैं ? कितने लंबित हैं ? (ग) दुर्ग जिले के साजा विधान सभा क्षेत्र में कृषकों के नलकूप में विद्युत कनेक्शन हेतु 1-1-07 से 31-5-07 की अवधि में कितने आवेदन प्राप्त हुए कितने में कनेक्शन प्रदाय किए गए एवं वर्तमान में कितने आवेदन लंबित हैं ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह ) : (क) दिनांक 1-1-2004 से 30-6-2007 तक की अवधि में प्रदेश में विद्युत उत्पादन संयंत्र लगाने हेतु शासन द्वारा 33 संस्थानों के साथ कुल 23350 मेगावाट के संयंत्र लगाने हेतु 34 एम. ओ. यू. किये गये हैं. संस्थानों के नाम एवं संयंत्रों के प्रस्तावित क्षमता की जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शाई गई है. (ख) उक्त अवधि में दुर्ग जिले में विद्युत पम्प कनेक्शन हेतु कुल 18398 औपचारिकतापूर्ण आवेदन उपलब्ध हुए, 15927 पम्प कनेक्शनों के कार्य पूर्ण किये गये तथा दिनांक 30 जून 2007 की स्थिति में 2471 औपचारिकतापूर्ण आवेदन लंबित है. (ग) साजा विधान सभा क्षेत्र में दिनांक 1-1-2007 से 31-5-2007 की अवधि में पम्प कनेक्शन हेतु कुल 747 औपचारिकतापूर्ण आवेदन उपलब्ध हुए, 364 पम्प कनेक्शनों के कार्य पूर्ण किये गए तथा दिनांक 31 मई 2007 की स्थिति में 383 औपचारिकतापूर्ण आवेदन लंबित हैं.

छोटे-बड़े झाड़ के जंगल मद में दर्ज खसरे में स्वीकृत खनि उत्खनन पट्टे

18. (*क्र. 11) **श्री सियाराम कौशिक :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि बिल्हा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्रामों के खसरे में कितने खनि उत्खनन पट्टे स्वीकृत है ? इसमें से कितने खसरे नम्बर छोटे-बड़े झाड़ के जंगल मद में दर्ज है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह ) : बिल्हा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल 26 खनिपट्टे एवं 50 उत्खनिपट्टे स्वीकृत हैं. स्वीकृत खनिपट्टों का विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" पर तथा स्वीकृत उत्खनिपट्टों का विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "ब" पर दर्शित है. उपरोक्त में से ग्राम हिर्री में स्वीकृत एक खनिपट्टा खसरा नं. 141/1 क छोटे-बड़े झाड़ के जंगल मद में दर्ज होना पाये जाने पर कलेक्टर, बिलासपुर के आदेश दिनांक 18-7-2006 द्वारा खनन कार्य बंद कराया जाकर पट्टेदार को वनसंरक्षण अधिनियम, 1980 के प्रावधानों के अंतर्गत अनुमति प्राप्त करने के लिए लिखा गया है.

पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में स्थित स्वास्थ्य केन्द्रों में रिक्त पदों की पूर्ति

19. (*क्र. 192) **महंत रामसुंदर दास :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल कितने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र , प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्र संचालित हैं ? ग्रामवार एवं विकासखंडवार

† परिशिष्ट "पांच" †† परिशिष्ट "छ:"

पृथक-पृथक बतायें. (ख) पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में संचालित समस्त वर्ग के स्वास्थ्य केन्द्रों में मापदण्ड के विरुद्ध किन-किन स्वास्थ्य केंद्रों में कितने-कितने अधिकारी एवं कर्मचारियों के पद रिक्त हैं ? (ग) पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य केन्द्रों में मापदण्ड के विरुद्ध रिक्त पद की पूर्ति कब तक की जायेगी ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल ) : (क) पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''अ'' के अनुसार. (ख) पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''ब'' अनुसार. (ग) निश्चित समयावधि बताना संभव नहीं.

## फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी प्राप्त करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही

20. ( *क्र. 159) **श्री त्रिलोचन पटेल** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) मंत्रालयीन सेवा के कितने अधिकारी/कर्मचारियों के विरुद्ध 31 मार्च, 2007 तक विभाग ने उच्च स्तरीय छानबीन समिति को फर्जी जाति के प्रकरण की जांच के लिये अनुशंसा की है ? (ख) उच्च स्तरीय छानबीन समिति ने 31 मार्च 2007 तक कितने प्रकरणों में जांच की कार्यवाही पूर्ण कर, विभाग को अवगत कराया है? कितने अधिकारी/कर्मचारी को फर्जी जाति प्रमाणपत्र प्रकरण में दोषी पाया है ? नाम, पदनाम सहित जानकारी दें ? (ग) दोषी अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध विभाग ने क्या कार्यवाही की है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह ) : (क) कुल 65. (ख) 32 प्रकरणों में. निम्न 3 कर्मचारियों को दोषी पाया है :—

1. श्री पुरुषोत्तम पतवार, स्टेनो टायपिस्ट
2. श्री भुवन डेकाटे, निज सहायक
3. श्री प्रवीण कुमार निमजे, सहायक ग्रेड-2

(ग) विभागीय जांच संस्थित करने का निर्णय लिया गया है.

## प्रदेश में चिकित्सकों के रिक्त पद

21. ( *क्र. 200) **श्री महेन्द्र कर्मा** : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में चिकित्सकों के कुल कितने पद स्वीकृत हैं ? कितने रिक्त हैं ? (ख) कार्यरत चिकित्सकों में से कितने चिकित्सकों को परिवीक्षा रखा गया है ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल ) : (क) 2858 पद स्वीकृत तथा वर्तमान में 1151 पद रिक्त है. (ख) 243 चिकित्सक.

## विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र विकास निधि से स्वीकृत कार्यों की स्थिति

22. ( *क्र. 170) **मोहम्मद अकबर** : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि वीरेन्द्र नगर विधान सभा क्षेत्र के अतर्गत 15 जून, 2007 की स्थिति में गण्डई नगर पंचायत में विधान सभा, निर्वाचन क्षेत्र विकास निधि से स्वीकृत कौन-कौन से कितनी-कितनी राशि के कुल कितने कार्य कब से एवं क्यों लंबित है ? कार्य कब तक पूर्ण कर लिये जायेंगे ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल ) : वीरेन्द्र नगर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत 15 जून, 2007 की स्थिति में गण्डई नगर पंचायत में विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र विकास निधि से कुल 12 कार्य स्वीकृत किए गए जिसमें 08 कार्य पूर्ण तथा 04 कार्य शेष है. जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर है.

---

† परिशिष्ट ''सात''

रायपुर जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में भवन की स्थिति की जानकारी

23. ( *क्र. 99) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिला अंतर्गत कितने स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्र संचालित हैं ? 31 मई, 2007 की स्थिति में कितने स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्र भवन विहीन हैं ? विकासखण्डवार बतावें. (ख) रायपुर जिले में कितने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है तथा उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के कितने भवन खपरैल के हैं तथा कितने सीमेंट/कांक्रीट के हैं ? अलग-अलग नाम बतावें ? (ग) उपरोक्त स्वास्थ्य केंद्रों में से किन-किन स्थानों में महिला एवं पुरुषों के नसबंदी के कैम्प लगाये जाते हैं ? क्या यह सत्य है कि खपरैल छत वाले भवन में आपरेशन का काम किया जा सकता है ? यदि हां, तो खपरैल वाले भवनों को कब तक आर.सी.सी. छत में परिवर्तित किया जा सकेगा ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल ) : (क) रायपुर जिले के अंतर्गत 80 स्वास्थ्य केंद्र तथा 537 उप स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं. जानकारी † संलग्न परिशिष्ट अनुसार. (ख) जिले में 15 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित है. केवल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल खपरैल का है. आपरेशन थियेटर फाल्स सीलिंगयुक्त है तथा अभनपुर, आरंग, भाटापारा, बिलाईगढ़, छुरा, धरसींवा, देवभोग, फिंगेश्वर, गरियाबंद, बलौदाबाजार, मैनपुर, पलारी, सिमगा, तिल्दा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन सीमेंट कांक्रीटींग के हैं. (ग) सभी 15 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में महिला एवं पुरुष नसबंदी के शिविर लगाये जाते हैं. जी हां, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल का आपरेशन थियेटर फाल्स सीलिंगयुक्त होने के कारण आपरेशन किये जाते हैं. यथासंभव शीघ्र.

कोरबा में नवीन विद्युत ताप गृह स्थापित करने हेतु आमंत्रित निविदा

24. ( *क्र. 203) **श्री मोतीलाल देवांगन :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या कोरबा में छ.रा.वि.मं. द्वारा नए ताप गृह स्थापित करने हेतु 2005-06 में निविदा आमंत्रित की गई थी ? यदि हां, तो उत्पादन कब से प्रारंभ हो गया है ? (ख) यदि नहीं, तो उत्पादन कब से प्रारंभ हो जाएगा ? उत्पादन प्रारंभ न होने का क्या कारण है तथा उत्पादन प्रारंभ नहीं होने से स्थापना लागत में कितनी वृद्धि हुई ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह ) : (क) जी हां. छ.रा.वि.मं. द्वारा कोरबा में 2 × (250-300) मेगावाट कोरबा (पश्चिम) ताप विद्युत गृह स्थापित करने हेतु दिनांक 21-6-2005 को निविदा आमंत्रित की गई थी. उत्पादन अभी प्रारंभ नहीं हुआ है. (ख) इन इकाईयों से विद्युत उत्पादन क्रमशः जनवरी 2010 एवं अप्रैल 2010 में प्रस्तावित है. दिनांक 1-2-2006 को टेक्नो कामर्शियल बिड खोली गई. इसके मूल्यांकन के पश्चात् प्राइस बिड दिनांक 21-12-2006 को खोली गई. प्राइस बिड के मूल्यांकन के पश्चात् नेगोशियेशन की प्रक्रिया जारी है. अतः इस स्थिति में स्थापना लागत में वृद्धि का आंकलन नहीं किया जा सकता.

राज्य सेवा परीक्षा में अनियमितता के संबंध में ई. ओ. डब्ल्यू. में दर्ज प्रकरणों पर कार्यवाही

25. ( *क्र. 152) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या राज्य सेवा परीक्षाएं वर्ष 2003 और परीक्षा वर्ष 2005 की अनियमितताओं के संबंध में ई. ओ. डब्लू. में प्रकरण दर्ज किया गया हैं ? यदि हां, तो कब ? (ख) क्या, ई. ओ. डब्लू. ने जांच पूरी कर ली है ? यदि हां, तो आगे क्या कार्यवाही की गई है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह ) : (क) जी नहीं. (ख) प्रश्नांश "क" के संदर्भ में उपस्थित नहीं होता.

----------

† परिशिष्ट "आठ"

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 1 (क्र. 36) के भाग (क) की जानकारी ]

जिला रायगढ़ में ग्राम सुराज अभियान 2007 के दौरान प्राप्त मांग एवं शिकायतों का ब्यौरा जनपदवार

| क्र. | विकासखण्ड का नाम | प्राप्त कुल आवेदन पत्र | | योग |
|---|---|---|---|---|
| | | मांग | शिकायत | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | रायगढ़ | 1262 | 105 | 1367 |
| 2. | पुसौर | 2400 | 48 | 2448 |
| 3. | सारंगढ़ | 3030 | 186 | 3216 |
| 4. | बरमकेला | 2233 | 77 | 2310 |
| 5. | धरमजयगढ़ | 2877 | 133 | 3010 |
| 6. | तमनार | 619 | 68 | 687 |
| 7. | लैलूंगा | 1814 | 118 | 1932 |
| 8. | घरघोड़ा | 1335 | 82 | 1417 |
| 9. | खरसिया | 2896 | 156 | 3052 |
| | योग | 18466 | 973 | 19439 |

परिशिष्ट " दो "

[ तारांकित प्रश्न संख्या 09 (क्र. 202) के भाग (क) की जानकारी ]

**राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत जांजगीर-चांपा जिले के विकासखण्डवार ग्रामों के नाम, जहां 31 मई 2007 तक विद्युतीकरण कार्य किये गये हैं**

| क्र. (1) | विकासखण्ड (2) | ग्राम का नाम (3) | |
|---|---|---|---|
| 1. | अकलतरा | 1. | चंगोरी |
| | | 2. | फरहदा |
| | | 3. | कल्याणपुर |
| | | 4. | लटिया |
| | | 5. | मधुआ |
| | | 6. | पचरी |
| | | 7. | पण्डरिया |
| | | 8. | पिपरदा |
| | | 9. | सांकर |
| | | 10. | करपरी |
| | | 11. | अमलीपाली |
| 2. | चांपा | 12. | अमोदा |
| | | 13. | भादा |
| | | 14. | पिथमपुर |
| 3. | पामगढ़ | 15. | सेमरा |
| | | 16. | कुटराबोड़ |
| | | 17. | बरभांठा |
| 4. | मालखरौदा | 18. | करौवाडीह |
| | | 19. | पिहरिद |
| 5. | सक्ती | 20. | अचानकपुर |
| | | 21. | तुर्री |
| | | 22. | बरपालीकला |

परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 12 (क्र. 206) की जानकारी ]

**जिलों को आवंटित राशि का विवरण**

| विवरण | वर्ष 2005-06 (राशि लाख में ) | वर्ष 2006-07 (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| **जिलों को प्रदायित राशि** | | |
| बस्तर | 170.90 | 316.55 |
| बिलासपुर | 145.33 | 255.53 |
| दंतेवाड़ा | 121.93 | 185.27 |
| धमतरी | 61.62 | 111.54 |
| दुर्ग | 178.88 | 301.53 |
| जांजगीर | 114.38 | 167.79 |
| जशपुर | 107.45 | 183.26 |
| कांकेर | 93.48 | 162.27 |
| कवर्धा | 60.82 | 94.92 |
| कोरबा | 90.84 | 148.61 |
| कोरिया | 72.54 | 120.87 |
| महासमुंद | 75.24 | 115.15 |
| रायगढ़ | 129.10 | 222.59 |
| रायपुर | 210.45 | 318.4 |
| राजनांदगांव | 123.92 | 195.49 |
| सरगुजा | 242.92 | 404.16 |
| **टोटल** | **1998.93** | **3303.93** |

परिशिष्ट " चार "

[ तारांकित प्रश्न संख्या 13 (क्र. 47) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र " अ "

छ. ग. विद्युत मण्डल में नियुक्त सलाहकारों का विवरण

| क्र. (1) | नाम (2) | पदनाम (3) | पता (4) | वेतन एवं अन्य भत्ता (5) | वर्तमान में कार्यरत है अथवा नहीं (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री आर. बी. माथुर | एक्स सी. एम. डी. डब्ल्यू. सी. एल. | प्लाट नं. 2474 सेक्टर-डी, पाकेट-2 बसंत कुंज, नई दिल्ली-110057. | रु. 10,000/- प्रतिमाह रिटेनरशिप फीस+ यात्रा भत्ता | नहीं |
| 2. | श्री यू. कुमार | पूर्व अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, एन. सी. एफ. लिमि. सिंगरौली, एस. ई. सी. एल. बिलासपुर. | सी-2/2178, बसंत कुंज, नई दिल्ली-110070 | रु. 10,000/- प्रतिमाह रिटेनरशिप फीस<br>रु. 3,000/-सचिवालयीन सेवा+यात्रा भत्ता | हाँ |
| 3. | श्री बोधकुमार | से. नि. अधीक्षण यंत्री, म. प्र. वि. मंडल. | शिव एनक्लेव, आदित्य कालोनी, नर्मदा रोड जबलपुर | रु. 1600/- प्रतिदिन (अधिकतम 10 कार्य दिवस प्रतिमाह) + यात्रा भत्ता. | नहीं |
| 4. | श्री बी. के. शर्मा | पूर्व मुख्य अभियंता, छ. ग. वि. मंडल. | एच. आई. जी.-1/30, सेक्टर-,दीनदयाल उपाध्याय नगर, रायपुर. | (1) रु. 25,000/- कार्य की कुल राशि, कार्य की समाप्ति तक+यात्रा भत्ता<br>(2) रु. 25,000/- कार्य की कुल राशि, कार्य की समाप्ति तक+यात्रा भत्ता. | हाँ |
| 5. | श्री रजनीश बख्शी | - | 188, अशोक विहार कालोनी अहमदपुर रोड, विदिशा | रु. 15,000/- प्रति माह मात्र | नहीं |
| 6. | कु. श्रीलता विजयन | - | एस. एम.-91, सेक्टर-चार, दीनदयाल उपाध्याय नगर रायपुर | रु. 15,000/- प्रतिमाह मात्र | नहीं |
| 7. | कुमारी नागप्रीति दवे | - | क्वाटर नं. 342, टाईप-3, बचेली, दंतेवाड़ा (छ. ग.) | रु. 15,000/- प्रतिमाह मात्र | नहीं |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 8. | कुमारी स्वाति पटेरिया | - | 365, विंध्यावासिनी, नेहा नगर, मकरोनिया, सागर, म. प्र. | रु. 15,000/- प्रतिमाह मात्र | नहीं |
| 9. | श्रीमति यामिनी शर्मा | - | ए-20, वसुन्धरा नगर, भंगोभाठा, रायपुर | रु. 15,000/- प्रतिमाह मात्र | नहीं |
| 10. | श्री धीरज पराशर | - | द्वारा श्री व्ही. डी. परासर, पी. जी.-40, आर. पी. एस. कालोनी, रावतभाठा, व्हाया कोटा, राजस्थान, 323305. | रु. 15,000/- प्रतिमाह मात्र | नहीं |
| 11. | श्री मनीष विनायक जोगरकर | - | जी. 98/42, तुलसी नगर, जे. पी. हास्पिटल के पास, भोपाल म. प्र. 462003. | रु. 15,000/- प्रतिमाह मात्र | नहीं |
| 12. | कु. स्वेता ठाकुर | - | 38, रिक्रियेशन क्लब, चौबे कालोनी रायपुर | रु. 15,000/- प्रतिमाह मात्र | नहीं |
| 13. | श्री बी. के. पी. सिंह | पूर्व जनरल मैनेजर, झारखण्ड राज्य विद्युत मंडल. | द्वारा श्री राजीव कुमार डी-22 एन.आर. एस. ए. हाउसिंग काम्पलेक्स, हसमतपेट, पोस्ट ऑफिस मनोविकास नगर, सिकंदराबाद, आंध्रप्रदेश. | रु. 25,000/- प्रतिमाह मात्र+ यात्रा भत्ता | नहीं |
| 14. | श्री आर. आर. सिंह | पूर्व जनरल मैनेजर, मेकान लि. रांची | - | रु. 25,000/- प्रतिमाह मात्र+यात्रा भत्ता | हां |
| 15. | श्री शिवराज सिंह | पूर्व मुख्य अभियंता (पारेषण) छ. रा. वि. मंडल. | मकान नं. आर.-1, आदर्श नगर, पो. आ. कसारीडीह, दुर्ग, 491003. | अंतिम आहरित वेतन जैसे मूल वेतन, अतिरिक्त वेतन, महंगाई भत्ता, नगर क्षतिपूर्ति भत्ता, क्षतिपूर्ति भत्ता एवं मकान किराया भत्ते में से पेंशन एवं पेंशन राहत घटाने के पश्चात् शेष राशि के बराबर मासिक वेतन. | हां |
| 16. | श्री एन. के. रूपवानी | पूर्व मुख्य अभियंता, छ. रा. वि. मंडल. | - | अंतिम आहरित वेतन जैसे मूल वेतन, अतिरिक्त वेतन, महंगाई भत्ता, नगर क्षतिपूर्ति भत्ता, क्षतिपूर्ति भत्ता एवं मकान किराया भत्ते में से पेंशन एवं पेंशन राहत घटाने के पश्चात् शेष राशि के बराबर मासिक वेतन. | नहीं |
| 17. | श्री एम. एल. देशमुख | से. नि. अधीक्षण यंत्री, छ. रा. वि. मंडल. | कुंतीराम, कृष्णा टाकीज के पीछे, सड़क नं.1, प्रगति नगर, रिसाली भिलाई. | अंतिम आहरित वेतन जैसे मूल वेतन, अतिरिक्त वेतन, महंगाई भत्ता, नगर क्षतिपूर्ति भत्ता, क्षतिपूर्ति भत्ता एवं मकान किराया भत्ते में से पेंशन एवं पेंशन राहत घटाने के पश्चात् शेष राशि के बराबर मासिक वेतन. | नहीं |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 18. | श्री मोहम्मद सामी | पूर्व मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग. | एच. आई. जी.-25, छ. रा. वि. मंडल पद्मनाभपुर, दुर्ग | अंतिम आहरित वेतन जैसे मूल वेतन, अतिरिक्त वेतन, महंगाई भत्ता, नगर क्षतिपूर्ति भत्ता, क्षतिपूर्ति भत्ता एवं मकान किराया भत्ते में से पेंशन एवं पेंशन राहत घटाने के पश्चात् शेष राशि के बराबर मासिक वेतन. | हां |
| 19. | श्री. एस. के. माइत्रा | पूर्व सहायक अभियंता, जल संसाधन विभाग. | ओ. टी. नं. 90, सेक्टर-2 गीतांजलि नगर, रायपुर | अंतिम आहरित वेतन जैसे मूल वेतन, अतिरिक्त वेतन, महंगाई भत्ता, नगर क्षतिपूर्ति भत्ता, क्षतिपूर्ति भत्ता एवं मकान किराया भत्ते में से पेंशन एवं पेंशन राहत घटाने के पश्चात् शेष राशि के बराबर मासिक वेतन. | हां |
| 20. | डॉ. एस. सी. चैना | से. नि. प्रिंसीपल चीफ, कनजरवेटर ऑफ फारेस्ट. | - | अंतिम आहरित वेतन जैसे मूल वेतन, अतिरिक्त वेतन, महंगाई भत्ता, नगर क्षतिपूर्ति भत्ता, क्षतिपूर्ति भत्ता एवं मकान किराया भत्ते में से पेंशन एवं पेंशन राहत घटाने के पश्चात् शेष राशि के बराबर मासिक वेतन. | नहीं |
| 21. | श्री ए. पी. नामदेव | पूर्व मुख्य अभियंता, छ. रा. वि. मंडल. | ए-33, सेंचुरी सीमेंट कालोनी, दीनदयाल उपाध्याय नगर, रायपुर | अंतिम आहरित वेतन जैसे मूल वेतन, अतिरिक्त वेतन, महंगाई भत्ता, नगर क्षतिपूर्ति भत्ता, क्षतिपूर्ति भत्ता एवं मकान किराया भत्ते में से पेंशन एवं पेंशन राहत घटाने के पश्चात् शेष राशि के बराबर मासिक वेतन. | हां |
| 22. | श्री आर. के. नारायणन | पूर्व महाप्रबंधक, पावर ग्रिड कारपोरेशन लिमि. | ए-51, बसरपुर एनक्लेव, फेस-2, नई दिल्ली-110068 | जिन दिवसों पर कार्य किया हो उन दिवसों हेतु रु. 1000/- प्रतिदिन दैनिक भत्ता. | नहीं |
| 23. | श्री बी. पी. खरे | पूर्व अधीक्षण अभियंता, छ. रा. वि. मंडल. | एन. ए.-03, सी. एस. ई. बी. कालोनी, कोरबा पूर्व (छ. ग.) | अंतिम आहरित वेतन जैसे मूल वेतन, अतिरिक्त वेतन, महंगाई भत्ता, नगर क्षतिपूर्ति भत्ता, क्षतिपूर्ति भत्ता एवं मकान किराया भत्ते में से पेंशन एवं पेंशन राहत घटाने के पश्चात् शेष राशि के बराबर मासिक वेतन. | हां |
| 24. | श्री एल. एन. गुप्ता | पूर्व कार्यपालक निदेशक, म. प्र. वि. मंडल. | बी-10, गोपाल विहार, गोपाल बाग, जबलपुर (म. प्र.) | अंतिम आहरित वेतन जैसे मूल वेतन, अतिरिक्त वेतन, महंगाई भत्ता, नगर क्षतिपूर्ति भत्ता, क्षतिपूर्ति भत्ता एवं मकान किराया भत्ते में से पेंशन एवं पेंशन राहत घटाने के पश्चात् शेष राशि के बराबर मासिक वेतन. | नहीं |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 25. | श्री डी. बी. मदान | पूर्व कार्यपालक निदेशक, म. प्र. वि. मंडल. | - | अंतिम आहरित वेतन जैसे मूल वेतन, अतिरिक्त वेतन, महंगाई भत्ता, नगर क्षतिपूर्ति भत्ता, क्षतिपूर्ति भत्ता एवं मकान किराया भत्ते में से पेंशन एवं पेंशन राहत घटाने के पश्चात् शेष राशि के बराबर मासिक वेतन. | नहीं |
| 26. | श्री. यू. पी. पांडे | पूर्व अधीक्षण यंत्री (पारे. एवं वित्त) म. प्र. वि. रा. मंडल. | - | अंतिम आहरित वेतन जैसे मूल वेतन, अतिरिक्त वेतन, महंगाई भत्ता, नगर क्षतिपूर्ति भत्ता, क्षतिपूर्ति भत्ता एवं मकान किराया भत्ते में से पेंशन एवं पेंशन राहत घटाने के पश्चात् शेष राशि के बराबर मासिक वेतन. | नहीं |
| 27. | श्री जे. हक | पूर्व निदेशक, पावर ग्रिड कारपोरेशन लिमि. | - | रु. 10,000/- प्रतिमाह रिटेनरशिप फीस+यात्रा भत्ता | हाँ |
| 28. | श्री ऋषिकेश दत्ता | आई. टी. प्रोफेशनल | मेसर्स ए. एम. आई. साफ्टेक लिमि. मुम्बई | रु. 30,000/- प्रतिमाह रिटेनरशिप फीस+यात्रा भत्ता | हाँ |
| 29. | श्री. पी. के. चौहान | पूर्व अधीक्षण यंत्री (उत्पादन), छ. रा. वि. मंडल. | फ्लेट नं. 203, रायल अपार्टमेंट, न्यू टिंबर मार्केट, फाफाडीह रायपुर. | अंतिम आहरित वेतन जैसे मूल वेतन, अतिरिक्त वेतन, महंगाई भत्ता, नगर क्षतिपूर्ति भत्ता, क्षतिपूर्ति भत्ता एवं मकान किराया भत्ते में से पेंशन एवं पेंशन राहत घटाने के पश्चात् शेष राशि के बराबर मासिक वेतन. | हां |

प्रपत्र "ब"

छ. ग. विद्युत मण्डल में नियुक्त सलाहकारों पर 19 जून 2007 तक व्यय राशि

| क्रमांक (1) | नाम (2) | कुल व्यय (3) |
|---|---|---|
| 1. | श्री आर. बी. माथुर | 7,21,967.00 |
| 2. | श्री यू. कुमार | 3,28,546.00 |
| 3. | श्री बोधकुमार | 91,826.00 |
| 4. | श्री बी. के. शर्मा | 43,750.00 |
| 5. | श्री रजनीश बख्शी | 3,56,000.00 |
| 6. | कुमारी श्रीलता विजयन | 3,33,000.00 |
| 7. | कुमारी नागप्रीति दवे | 3,51,000.00 |
| 8. | कुमारी स्वाति पटेरिया | 3,46,000.00 |
| 9. | श्रीमति यामिनी शर्मा | 3,45,500.00 |
| 10. | श्री धीरज पराशर | 3,01,500.00 |
| 11. | श्री मनीष विनायक ओगरकर | 3,53,500.00 |
| 12. | कु. स्वेता ठाकुर | 15,000.00 |
| 13. | श्री बी. के. पी. सिंह | 4,34,463.00 |
| 14. | श्री आर. आर. सिंह | 7,42,823.00 |
| 15. | श्री शिवराज सिंह | 6,81,979.00 |
| 16. | श्री एन. के. रूपवानी | 1,98,634.00 |
| 17. | श्री एम. एल. देशमुख | 82,022.00 |
| 18. | श्री मोहम्मद सामी | 2,42,788.00 |
| 19. | श्री एस. के. माइत्रा | 1,26,042.00 |
| 20. | डॉ. एस. सी. वैना | 90,834.00 |
| 21. | श्री ए. पी. नामदेव | 3,30,701.00 |
| 22. | श्री आर. के. नारायणन | 13,500.00 |
| 23. | श्री बी. पी. खरे | 3,62,020.00 |
| 24. | श्री एल. एन. गुप्ता | 2,75,614.00 |
| 25. | श्री डी. बी. मदान | 1,55,894.00 |
| 26. | श्री यू. पी. पांडे | 5,04,529.00 |
| 27. | श्री जे. हक | - |
| 28. | श्री ऋषिकेश दत्ता | 28,000.00 |
| 29. | श्री पी. के. चौहान | - |
| | योग | **78,57,432.00** |

## परिशिष्ट " पांच "

[ तारांकित प्रश्न संख्या 15 (क्र. 135) के भाग (क), (ख) एवं (ग) की जानकारी ]

## प्रपत्र " अ "

**उपलब्ध जनगणना विवरण जिसमें ग्रामों के मजरों/टोलों मोहल्लों का उल्लेख है, के अनुसार 31 मई 2007 की स्थिति में विधान सभा कसडोल एवं बिलाईगढ़ विकासखण्डों के, विद्युतीकरण हेतु शेष मजरों/टोलों के नाम**

| क्र. | विकासखण्ड का नाम | | मजरा/टोला का नाम | मुख्य ग्राम का नाम |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | | (3) | (4) |
| 1. | कसडोल | 1 | खैरवारडेरा | बरबसपुर |
| | | 2 | कोदोदादर | बम्हनी |
| | | 3 | नया गोरधा | कसडोल |
| | | 4 | सण्डी | सोनाखान |
| | | 5 | सांगडोल | |
| | | 6 | बंगलापाली | |
| | | 7 | गिरगिदा | |
| | | 8 | फुड़ियापाली | |
| | | 9 | जोगेडीपा | |
| | | 10 | कौहाकुण्डा | |
| | | 11 | चनहट | |
| | | 12 | डीपापारा | बया |
| | | 13 | डीपरापारा | नगरदा |
| | | 14 | कोलारीपारा | |
| | | 15 | नवाडीह | भानपुर |
| | | 16 | बूनाडीह | सगेडी |
| | | 17 | तेन्दूभांठा | मटिया |
| | | 18 | नवाडीह | गिरौद |
| 2. | बिलाईगढ़ | 1 | पचपेड़ीपारा | मलुहा |
| | | 2 | कोल्डीपा | सलिहा |
| | | 3 | बघमल्लापारा | |
| | | 4 | लखडबरी | धौराभाठा |
| | | 5 | तेन्दूभाठा | दाऊबंधन |
| | | 6 | सूरीपार | करियाटार |
| | | 7 | बकलीपारा | खुरसुला |
| | | 8 | नवाडीह | |
| | | 9 | दर्राभाठा | मडकडी |
| | | 10 | पैठामालपानी | कैथा |
| | | 11 | भर्राभाठा | गोरबा |
| | | 12 | सिनझोलापारा | नगरदा |
| | | 13 | भाठापारा | लुकापारा |
| | | 14 | भाटापारा | खैरझिटी |
| | | 15 | धनवारपारा | धनसीर |

प्रपत्र "ब"

**कसडोल विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कसडोल एवं बिलाईगढ़ विकासखण्डों के मजरों/टोलों के नाम जिनका विद्युतीकरण वर्ष 2006-07 में किया गया है**

| क्र. | विकासखण्ड का नाम | | मजरा/टोला का नाम | मुख्य ग्राम का नाम |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | | (3) | (4) |
| 1. | कसडोल | 1 | देवरूम | देवरूम |
| | | 2 | निठोरा | निठोरा |
| | | 3 | मानदीप | मानदीप |
| | | 4 | देवगांव | देवगांव |
| | | 5 | पुरानी बस्ती | करमेल |
| | | 6 | हरिजन पारा | बगार |
| | | 7 | भाठापारा | सुरगुली |
| | | 8 | गजराडीह | गजराडीह |
| | | 9 | आबादी पारा | बासीनपाली |
| | | 10 | झरनडीह | झरनडीह |
| | | 11 | डोंगरीडीपा (कोठारपारा) | भानपुर |
| 2. | बिलाईगढ़ | 1 | भाटापारा | सुकली |
| | | 2 | पवनी | पवनी |

प्रपत्र "स"

**वर्ष 2007-08 में विद्युतीकरण किये जाने हेतु, विधान सभा क्षेत्र कसडोल के अन्तर्गत कसडोल एवं बिलाईगढ़ विकासखण्डों के प्रस्तावित मजरों/टोलों/मोहल्लों की विकासखण्डवार एवं ग्रामवार जानकारी**

| क्र. | विकासखण्ड का नाम | | ग्राम का नाम | प्रस्तावित मजरों/टोलों/मोहल्लों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | | (3) | (4) |
| 1. | कसडोल | 1 | उपरानी | 01 |
| | | 2 | डाढ़ाखार | 01 |
| | | 3 | सोनाखान | 04 |
| | | 7 | दलदली | 01 |
| | | 8 | गिरौदपुरी | 01 |
| | | 9 | भरका | 01 |
| | | | **योग** | **09** |
| 2. | बिलाईगढ़ | 1 | सलिहा | 01 |
| | | 2 | नगरदा | 02 |
| | | | **योग** | **03** |

परिशिष्ट " छः "

[ तारांकित प्रश्न संख्या 17 (क्र. 74) के भाग (क) की जानकारी ]

**प्रदेश में विद्युत उत्पादन संयंत्र लगाने हेतु दिनांक 01-01-04 से 30-06-07 तक की अवधि में, जिन संस्थानों से एम. ओ. यू. किये गये हैं, उनके नाम एवं संयंत्रों की प्रस्तावित क्षमता**

| क्र. (1) | संस्थान का नाम (2) | प्रस्तावित क्षमता मेगावाट में (3) |
|---|---|---|
| 1. | मेसर्स इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर्स कोऑपरेटिव सोसायटी, नई दिल्ली | 1000 |
| 2. | मेसर्स ए. ई. एस. (इंडिया) लिमिटेड, नई दिल्ली | 1200 |
| 3. | मेसर्स आर. के. एम. पावरजेन प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई | 1200 |
| 4. | मेसर्स आर्यन कोल बेनिफिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली | 250 |
| 5. | मेसर्स एस. वी. पावर प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद | 100 |
| 6. | मेसर्स मारूति क्लीन कोल एण्ड पावर लिमिटेड, रायपुर | 270 |
| 7. | मेसर्स भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड, नई दिल्ली | 1200 |
| 8. | मेसर्स स्पेक्ट्रम कोल एण्ड पावर लिमिटेड, मुंबई | 50 |
| 9. | मेसर्स पाटनी प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई | 540 |
| 10. | मेसर्स भूषण पावर एण्ड स्टील लिमिटेड, नई दिल्ली | 1000 |
| 11. | मेसर्स रायपुर एलॉयज एण्ड स्टील लिमिटेड, नागपुर | 600 |
| 12. | मेसर्स डी. बी. पावर लिमिटेड, भोपाल | 600 |
| 13. | मेसर्स एस्सार पावर लिमिटेड, मुंबई | 1050 |
| 14. | मेसर्स आर्यन कोल बेनिफिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली | 500 |
| 15. | मेसर्स टॉपवर्थ स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई | 600 |
| 16. | मेसर्स कोरबा वेस्ट पावर प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली | 600 |
| 17. | मेसर्स एस. के. एस. इस्पात एण्ड पावर लिमिटेड, मुंबई | 600 |
| 18. | मेसर्स वी. ई. सी. पावर प्राइवेट लिमिटेड, भिलाई | 505 |
| 19. | मेसर्स ओपेलिना फाइनेन्स एण्ड इनवेस्टमेन्ट प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली | 1260 |
| 20. | मेसर्स कलबा स्टील एण्ड पावर लिमिटेड, नई दिल्ली | 1260 |
| 21. | मेसर्स टाटा पावर कंपनी लिमिटेड, मुंबई | 1000 |
| 22. | मेसर्स जी. एम. आर. एनर्जी लिमिटेड, बैंगलोर | 1000 |
| 23. | मेसर्स लैंको अमरकंटक पावर प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद | 900 |
| 24. | मेसर्स इस्पात इंडस्ट्रीज लिमिटेड, कोलकाता | 1200 |
| 25. | मेसर्स महावीर ग्लोबल कोल लिमिटेड, नागपुर | 540 |
| 26. | मेसर्स महावीर एनर्जी एण्ड कोल बेनिफिकेशन लिमिटेड, बिलासपुर | 60 |

| (1) | (2) | (3) |
|---|---|---|
| 27. | मेसर्स थीरू पावरजेन प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद | 700 |
| 28. | मेसर्स वंदना विद्युत लिमिटेड, रायपुर | 540 |
| 29. | मेसर्स डी. सी. एम. श्रीराम कन्सोलिडेटेड लिमिटेड, नई दिल्ली | 600 |
| 30. | मेसर्स वीसा पावर लिमिटेड, कोलकाता | 600 |
| 31. | मेसर्स ग्रीन इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, नई दिल्ली | 600 |
| 32. | मेसर्स बी. एल. ए. छत्तीसगढ़ थर्मल पावर प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई | 540 |
| 33. | मेसर्स वंदना एनर्जी एण्ड स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर | 60 |
| 34. | मेसर्स टी. आर. एन. एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली | 625 |

परिशिष्ट "सात"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 22 (क्र. 170) की जानकारी ]

**नगर पंचायत, गण्डई, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**वर्ष 2003-04 से 15 जून 2007 तक वीरेन्द्र नगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र विकास निधि से स्वीकृत कार्यों का कार्यवाही**

| क्रमांक | वर्ष | योजना का नाम | कार्य विवरण | स्वीकृति राशि | कार्य की वर्तमान स्थिति | कार्य लंबित होने का कारण | लंबित कार्य पूर्ण करने की अवधि (समय) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1. | 03-04 | विधायक निधि | मुस्लिम सामुदायिक भवन, गण्डई. | 2.00 | - | - | कार्य पूर्ण |
| 2. | 03-04 | विधायक निधि | सेन समाज सामुदायिक भवन. | 1.00 | - | - | कार्य पूर्ण |
| 3. | 03-04 | विधायक निधि | केवट समाज सामुदायिक भवन. | 1.00 | - | - | कार्य पूर्ण |
| 4. | 03-04 | विधायक निधि | कुंभकार समाज सामुदायिक भवन. | 1.00 | - | - | कार्य पूर्ण |
| 5. | 03-04 | विधायक निधि | यादव समाज सामुदायिक भवन. | 2.00 | - | - | कार्य पूर्ण |
| 6. | 03-04 | विधायक निधि | स्वर्णकार समाज सामुदायिक भवन. | 2.00 | कार्य भूमि आवंटन के अभाव में प्रारंभ नहीं. | शा. अतिशेष भूमि ख. नं. 276/1 प. ह. नं. 12 में मांग हेतु इस कार्या. के पत्र क्र. 586/17-09-03 तथा 508/30-06-04 को नजूल शाखा राजनांदगांव की ओर प्रेषित. भूमि आवंटन अभाव में. | भूमि आवंटन के 180 दिवस के भीतर. |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7. | 03-04 | विधायक निधि | महिला मण्डली सामुदायिक भवन टिकरीपारा. | 1.00 | | | कार्य पूर्ण |
| 8. | 03-04 | विधायक निधि | साहू समाज सामुदायिक भवन. | 2.00 | कार्य भूमि आबंटन के अभाव में प्रारंभ नहीं पुनः परिषद् निर्णय क्र. 2 दि. 27-04-07 अनुसार निविदा आहूत. | शा. अतिशेष भूमि ख. नं. 276/1 प. ह. न. 12 में मांग हेतु इस कार्या. के पत्र क्र. 586/17-09-03 तथा 508/30-06-04 को नजूल शाखा राजनांदगांव को भेजा गया था. निविदा 07-07-07 को आहूत. | भूमि आवंटन के 6 महीने बाद. |
| 9. | 03-04 | विधायक निधि | सतनामी समाज सामुदायिक भवन. | 1.00 | - | - | कार्य पूर्ण |
| 10. | 04-05 | विधायक निधि | नामदेव समाज सामुदायिक भवन. | 1.00 | - | - | कार्य पूर्ण |
| 11. | 07-08 | स्थानीय क्षेत्र विधायक निधि | साहू समाज सामुदायिक भवन अति कार्य. | 2.00 | परिषद् संकल्प क्र. 2 दि. 27-04-07 के तहत निविदा आमंत्रण कार्यवाही. | खैरागढ़ विधान सभा निर्वाचन आचार संहिता लागू होने से दिनांक 07-07-07 को निविदा आहूत. | दिसम्बर 2007 तक |
| 12. | 07-08 | स्थानीय क्षेत्र विधायक निधि | पत्रकार संघ सामुदायिक भवन निर्माण. | 1.00 | परिषद् संकल्प क्र. 3 दि. 27-04-07 के तहत् निविदा आमंत्रण कार्यवाही. | खैरागढ़ विधान सभा निर्वाचन आचार संहिता लागू होने से दिनांक 07-07-07 को निविदा आहूत. | दिसम्बर 2007 तक |

## परिशिष्ट "आठ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 23 (क्र. 99) के भाग (क) की जानकारी ]

**31 मई 2007 की स्थिति में भवनविहीन स्वास्थ्य केंद्रों एवं उपस्वास्थ्य केंद्रों की विकासखण्डवार जानकारी :-**

| क्रमांक | विकासखण्ड का नाम | भवनविहीन स्वास्थ्य केंद्रो की संख्या | | | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| | | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र | प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र | उप स्वास्थ्य केंद्र | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | अभनपुर | 0 | 4 | 12 | |
| 2. | आरंग | 0 | 1 | 25 | |
| 3. | भाटापारा | 0 | 3 | 18 | |
| 4. | बिलाईगढ | 0 | 3 | 23 | |
| 5. | छुरा | 0 | 1 | 35 | |
| 6. | धरसींवा | 0 | 6 | 19 | |
| 7. | देवभोग | 0 | 2 | 17 | |
| 8. | फिंगेश्वर | 0 | 2 | 31 | |
| 9. | गरियाबंध | 0 | 1 | 32 | |
| 10. | कसडोल | 0 | 1 | 33 | |
| 11. | बलौदाबाजार | 0 | 2 | 16 | |
| 12. | मैनपुर | 0 | 2 | 42 | |
| 13. | पलारी | 0 | 4 | 21 | |
| 14. | सिमगा | 0 | 2 | 15 | |
| 15. | तिल्दा | 0 | 1 | 15 | |
| | **कुल योग** | - | **35** | **354** | |